



# अंजनी नदी को फिर जीवित करने जुटा गरोठ

▸ तीसरे दिन महाकाल मंडली ने किया श्रमदान, जनभागीदारी की अपील

**गरोठ। नगर परिषद के नेतृत्व मे चल रहे अंजनी नदी कायाकल्प अभियान को नगर के सभी संघठन के श्रमदान स्वरूप सहयोग से वर्षो से जमे कचरे प्लास्टिक एवं बहकर आने वाली गाद मिट्टी निकालने मे मदद मिल रही। बोलिया रोड स्थित अंजनी नदी को स्वच्छ ओर आस पास किनारो पर फेली गंदगी कचरा ओर गाद को निकाल कर नदी संरक्षण कर स्वच्छ जल स्वच्छ कल को बढ़ावा मिलेगा।**

नदी की सफाई को लेकर नगर परिषद अध्यक्ष राजेश सेठिया ने नगर वासियो से आग्रह किया की सभी धार्मिक सामाजिक संघठन ओर जागरूक नागरिक अंजनी नदी स्वछता ओर पुनर जीवित कायाकल्प अभियान को सफल बनाने मे सहयोग करे। चल रहे अंजनी नदी कायाकल्प अभियान के तहत तीसरे दिन भी उत्साहपूर्वक श्रमदान का कार्य जारी रहा।

इस अवसर पर नगर की प्रमुख सामाजिक संस्था श्री महाकाल मंडली के सभी सदस्यों ने अंजनी नदी तट पर पहुंचकर श्रमदान किया और स्वच्छता एवं संरक्षण का संदेश दिया। अभियान के अंतर्गत प्रतिदिन प्रातः 7 बजे से 9 बजे तक नगर परिषद टीम के साथ नगर के संघठन द्वारा श्रमदान किया जा रहा है। जिसमें नगर के विभिन्न सामाजिक संगठनों एवं नागरिकों की सहभागिता देखने को मिल रही है। पहले दिन भारत विकास परिषद के सदस्यों ने श्रमदान की शुरुआत की उसके पश्चात लगातार नप टीम के साथ श्रमदान मे नगर वासियों ओर संघठन



भाग ले रहे। 22 अप्रेल बुधवार को महाकाल मंडली के सदस्यों ने नदी की सफाई, गाद निकालने एवं आसपास के क्षेत्र को स्वच्छ बनाने में योगदान दिया। नगर परिषद अध्यक्ष एवं सीएमओ सहित अभियान के सदस्यों ने नगरवासियों से अपील करते हुए कहा कि अंजनी नदी के कायाकल्प हेतु यह सामूहिक प्रयास है। जिसमें अधिक से अधिक लोगों की भागीदारी आवश्यक है। उन्होंने सभी नागरिकों से आग्रह किया कि वे भी इस पुनीत कार्य में शामिल होकर श्रमदान करें और पर्यावरण संरक्षण में अपना योगदान दें।

## जिलास्तरीय युवा संगम का आयोजन 30 अप्रैल को आईटीआई मंदसौर में

**मंदसौर।** कलेक्टर अदिति गर्ग के निर्देशन में जिले में रोजगार उन्मुख गतिविधियों को प्रोत्साहित करने हेतु जिला स्तरीय युवा संगम का आयोजन 30 अप्रैल 2026 को आयोजित किया जाएगा। यह कार्यक्रम शासकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान, मंदसौर में सुबह 10 बजे से आयोजित होगा।

युवा संगम का उद्देश्य जिले के बेरोजगार युवाओं को विभिन्न रोजगार एवं कौशल विकास अवसरों से जोड़ना है। कार्यक्रम में युवाओं को अलगङ्कअलग सेक्टरों में उपलब्ध रोजगार, प्रशिक्षण योजनाओं और उद्यमिता से संबंधित जानकारी प्रदान की जाएगी। जिला प्रशासन ने अधिक से अधिक युवाओं से अपील की है कि वे इस अवसर का लाभ अवश्य लें तथा अपनी योग्यता के अनुरूप रोजगार प्राप्त कर आत्मनिर्भरता की दिशा में आगे बढ़ें।




## जैन महिला प्रकोष्ठ ने गुरु गौतम जल मंदिर का किया उद्घाटन

**मंदसौर।** सकल जैन समाज महिला प्रकोष्ठ द्वारा किये जाने वाले सेवा कार्य के अंतर्गत अप्रैल माह के सेवा कार्य में गुरु हजारीमल लाभमुनि स्थानक सत्संग भवन के सामने, गुरु गौतम शीतल जल मंदिर का शुभारंभ किया गया। जल मंदिर के प्रायोजक श्री अजीत कुमार कुशल कुमार नाहर, राखी नाहर (पूर्व महामंत्री) परिवार है।

महिला प्रकोष्ठ की महामंत्री विनाली मेहता द्वारा नाहर परिवार का स्वागत कर इस पुनीत कार्य की अनुमोदना की और कहा कि इस शीतल जल मंदिर से अनेक राहगीर अपनी प्यास बुझायेंगे।

इस अवसर पर पूर्व महामंत्री इन्दु पंचोली, चंदा कोठारी एवं राखी नाहर उपस्थित थी साथ ही मंत्री अलका जैन, सहमंत्री आशा जेतावत, प्रवक्ता सोनिया मारू एवं प्रकोष्ठ की सदस्य श्रुति पालरेचा, रजनी कंकरेचा, भावना सोनगरा, सीमा कंकरेचा, प्रमिला कटारिया एवं अनिता मारू उपस्थित रही।

## एक नजर में

### मॉडिफाइड साइलेंसर पर कार्रवाई, 48 साइलेंसर नष्ट



**मंदसौर।** शहर में पटाखे जैसी आवाज करने वाले बुलेट व अन्य दोपहिया वाहनों के मॉडिफाइड साइलेंसरों पर यातायात पुलिस ने सख्त कार्रवाई की है। पुलिस अधीक्षक विनोद कुमार मीणा के निर्देशन में पिछले महीनों में वाहन चेकिंग के दौरान ऐसे साइलेंसर हटवाकर जब्त किए गए और संबंधित वाहनों पर चालानी कार्रवाई की गई। कार्रवाई के तहत 48 वाहनों पर कुल 55 हजार रुपये का जुर्माना किया गया। अपीलीय अवधि पूर्ण होने के बाद पुलिस लाइन में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक तेरसिंह बघेल व नगर पुलिस अधीक्षक जितेंद्र सिंह भास्कर की मौजूदगी में 48 साइलेंसरों को रोड रोलर से कुचलकर नष्ट किया गया।

### मध्यप्रदेश शासन लोक निर्माण विभाग मंत्री श्री सिंह 24 अप्रैल को मंदसौर प्रवास पर रहेंगे

**मंदसौर।** अपर कलेक्टर एकता जायसवाल द्वारा बताया गया कि मध्यप्रदेश शासन के लोक निर्माण विभाग के मंत्री राकेश सिंह 24 अप्रैल 2026 को मंदसौर प्रवास पर रहेंगे। तय कार्यक्रम अनुसार मध्यप्रदेश शासन के लोक निर्माण विभाग मंत्री राकेश सिंह 23 अप्रैल 2026 को रात्री 8 .30 बजे भोपाल से मंदसौर के लिए प्रस्?थान करेंगे। 24 अप्रैल 2026 को रात्री 2 बजे मंदसौर आगमन एवं रात्री विश्राम करेंगे। मध्यप्रदेश शासन के लोक निर्माण विभाग मंत्री सिंह 24 अप्रैल 2026 को प्रात :11 बजे जिला चिकित्सालय में 100 बिस्तरीय वार्ड एवं एमसीएच भवन का लोकार्पण करेंगे। दोपहर 12 .15 बजे मंदसौर से ग्राम बुडगांव के लिए प्रस्?थान करेंगे। तत्पश्चात दोपहर 12 .45 बजे बुडागांव में लोकार्पण एवं भूमिपूजन कार्यक्रम में सम्?मि?लित होंगे। दोपहर 2 बजे ग्राम बुडागांव से गरोठ के लिए प्रस्?थान करेंगे। शाम 4 बजे ग्राम भानपुरा, गरोठ में लोकार्पण एवं भूमिपूजन कार्यक्रम में सम्मिलित होंगे। शाम 5 बजे गरोठ से बड़वानी के लिए प्रस्थान करेंगे।

### ग्राम मोरखेड़ा में पक्षी संरक्षण के लिए सराहनीय पहल, जलपात्र वितरित कर किए स्थापित

**मंदसौर।** भीषण गर्मी के बीच पक्षियों के संरक्षण और उनकी प्यास बुझाने के उद्देश्य से ग्राम मोरखे?ा में एक सराहनीय पहल की गई। पक्षी बचाव अभियान के तहत गांव के विभिन्न स्थानों पर जलपात्र (पानी के बर्तन) वितरित कर उन्हें स्थापित किया गया, जिससे पक्षियों को आसानी से पानी उपलब्ध हो सके। इस कार्यक्रम का आयोजन जनस्वराज शिक्षा एवं सामाजिक कल्याण समिति झार?ा जिला मंदसौर के तत्वावधान में किया गया। अभियान के दौरान ग्रामीणों को भी जागरूक किया गया कि वे अपने घरों और आस-पास के क्षेत्रों में जलपात्र रखें और नियमित रूप से उनमें पानी भरते रहें। इस अवसर पर ग्राम पंचायत के सरपंच एवं उनके प्रतिनिधि सहित कई गणमान्य ग्रामीण उपस्थित रहे। सभी ने इस पहल की सराहना करते हुए इसे पर्यावरण संरक्षण की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम बताया। ग्रामवासियों ने भी इस अभियान में उत्साहपूर्वक भाग लिया और पक्षियों के प्रति अपनी जिम्मेदारी निभाने का संकल्प लिया। इस तरह की पहल न केवल पक्षियों के जीवन को बचाने में मददगार है, बल्कि समाज में प्रकृति के प्रति संवेदनशीलता भी ब?ाती है।

### दर्दनाक हादसा : बाइक की चेन में साड़ी फंसने से महिला की मौत, खुशियों का माहौल मातम में बदला

**पिपलिया मंडी।** बुधवार सुबह एक बेहद दर्दनाक सड़क हादसे में एक महिला की मौत हो गई। यह हादसा उस समय हुआ जब एक दंपति बूढ़ा से मंदसौर होते हुए सीतामऊ की ओर बाइक से जा रहा था। परिवार में खुशियों का माहौल था, लेकिन एक पल की लापरवाही ने सब कुछ छीन लिया। प्राप्त जानकारी के अनुसार सुभाष (गोपी) अपनी पत्नी टीना (28) के साथ बाइक से भेरू बावजी के दर्शन के लिए जा रहे थे। वे सीतामऊ क्षेत्र में स्थित भेरू बावजी के स्थान की ओर जा रहे थे। गुरुवार सुबह परिवार में उनके 10 माह के बेटे के मुंडन संस्कार का कार्यक्रम आयोजित होना था। इसी के साथ गांव में भोजन (प्रसादी) का कार्यक्रम भी रखा गया था। परिवार में इस आयोजन को लेकर उत्साह और खुशी का माहौल था। इसी आयोजन के चलते दंपत्ति भेरू बावजी के स्थान पर जा रहे थे। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, रास्ते में चलते समय बाइक पर पीछे बैठी टीना की साड़ी अचानक बाइक के पिछले पहिए की चेन में फंस गई। साड़ी फंसते ही महिला का संतुलन बिगड़ गया और वह तेज रफ्तार बाइक से सड़क पर गिर पड़ी। गिरने के दौरान उसका सिर सड़क से जोरदार तरीके से टकराया, जिससे उसे गंभीर चोट आई और वह मौके पर ही अचेत हो गई। घटना होते ही आसपास मौजूद राहगीर और स्थानीय लोग मौके पर पहुंच गए। उन्होंने तुरंत मदद करते हुए महिला को उठाया और स्थिति संभालने का प्रयास किया। बताया जा रहा है कि घटना के बाद काफी देर तक एम्बुलेंस नहीं पहुंच सकी, जिसके चलते समय पर उपचार मिलना संभव नहीं हो पाया। इसके बाद परिजन और ग्रामीण महिला को निजी वाहन से मंदसौर के एक निजी अस्पताल लेकर पहुंचे। अस्पताल पहुंचने पर डॉक्टरों ने जांच के बाद महिला को मृत घोषित कर दिया। इस खबर के बाद परिवार पर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा। सूचना मिलते ही परिजन और रिश्तेदार मौके पर पहुंचे, जहां उनका रो-रोकर बुरा हाल हो गया। बताया जा रहा है कि मृतका के तीन बेटियां और एक बेटा है। जिस बेटे के मुंडन संस्कार के लिए यह यात्रा की जा रही थी, वही कार्यक्रम अब शोक में बदल गया। जहां उत्सव की तैयारियां चल रही थीं, वहां अचानक मातम छा गया।

## आयुष्मान आरोग्य अभियान के तहत वार्ड 18 में लगा शिविर

▸ कलेक्टर के मार्गदर्शन में टीबी उन्मूलन के लिए दी गई सेवाएं

**मंदसौर।** प्रधानमंत्री टीबी मुक्त भारत अभियान 100 दिवसीय आयुष्मान आरोग्य अभियान के तहत दिनांक 22 अप्रैल 2026 को कलेक्टर श्रीमती अदिती गर्ग के मार्गदर्शन एवं मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. गोविंद सिंह चौहान एवं जिला क्षय अधिकारी डॉ. आर.के. द्विवेदी के सानिध्य में एक विशाल स्वास्थ्य शिविर का आयोजन वार्ड 18 कालाखेत मंदसौर में किया गया। शिविर का उद्घाटन वार्ड पार्षद प्रतिनिधि अमन फरक्या द्वारा किया गया शिविर का मुख्य उद्देश्य हर वर्ग और हाई रिस्क क्षेत्र के निवासियों को गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराना तथा टीबी (क्षय रोग) जैसी बीमारियों की समय पर पहचान करना था।

स्वास्थ्य विभाग के टीबीएचवी अजय पाण्डेय ने उपस्थित



जनसमुदाय को टीबी रोग के प्रति जागरूक किया। उन्होंने बताया कि प्रमुख लक्षण जिसमें लगातार कई दिनों तक खांसी, भूख न लगना, वजन में गिरावट, रात को पसीना आना और बुखार रहना टीबी के संकेत हो सकते हैं। उन्होंने बताया कि टीबी से घबराने की आवश्यकता नहीं है। बलगम (खखार) की जांच में पॉजिटिव आने पर 6 माह का नियमित उपचार पूरी तरह स्वस्थ कर देता है।

शिविर में आए नागरिकों की व्यापक स्वास्थ्य जांच की गई, शिविरार्थियों की टीबी एक्सरे के माध्यम से संदिग्ध मरीजों और पूर्व में उपचाररत मरीजों की जांच सामान्य जांच, हीमोग्लोबिन , ब्लड प्रेशर, ब्लड शुगर और बीएमआई का परीक्षण किया गया।

शिविर में चिकित्सा जगत के विशेषज्ञों और स्वास्थ्य कर्मियों ने अपनी सेवाएँ दीं, जिनमें मेडिकल कॉलेज से इंटर्न डॉ. कुणाल, फार्मासिस्ट नयन राठौर, एक्स-रे टेक्निशियन नितेश प्रजापत, नर्सिंग ऑफिसर प्रदीप पाटीदार, एलएचवी श्रीमती कांता भंडारी और एएनम लैब टेक्नीशियन, अनिल और आंगनवाड़ी कार्यकर्ता उषा कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## न्याय और कर्म फल प्रदाता भगवान चित्रगुप्तजी का प्राकट्य दिवस उत्सव मनाया जाएगा आज

**मंदसौर। संपूर्ण जगत के प्राणियों के कर्मों का लेखा-जोखा रखने वाले और न्याय के अधिष्ठाता भगवान श्री चित्रगुप्त जी का प्राकट्य उत्सव गुरुवार को बड़े ही हर्षोल्लास के साथ मनाया जाएगा। इस पावन अवसर पर स्टेशन रोड स्थित चक्रवती कॉलोनी के मंदिर में विशेष आयोजन किए गए हैं, जहां भक्त अपने आराध्य की आराधना करेंगे।**

धार्मिक मान्यताओं के अनुसार न्याय ब्रह्म भगवान चित्रगुप्त जी के चरण कमलों के दर्शन मात्र से ही मनुष्य को उनकी असीम अनुकंपा प्राप्त होती है और जीवन में अनजाने में हुए पापों का शमन होता है। प्रभु के दर्शन का आध्यात्मिक महत्व इतना अधिक है कि इससे नवग्रहों की पी?ा से मुक्ति मिलती है और जीवन में सुख-शांति एवं प्रसन्नता का संचार होता है। मंदिर समिति ने सभी श्रद्धालुओं से इस भव्य उत्सव में सम्मिलित होकर प्रभु का आशीर्वाद प्राप्त करने का आह्वान किया है। दर्शनार्थियों की सुविधा के लिए मंदिर के पट विशेष रूप से सायंकाल 7 बजे से रात्रि 10 बजे तक खुले रहेंगे, ताकि अधिक से अधिक भक्त सुगमता से दर्शन और पूजन का लाभ ले सकें।



## सामाजिक सहभागिता बढ़ाने के लिए ग्राम विकास प्रस्फुटन समिति का गठन

▸ मंदसौर। आदर्श गांव मेनपुरिया में प्रियदर्शन नर्सरी, जन सूचना केंद्र, वाचनालय, संस्कार केंद्र का अवलोकन किया गया

**मंदसौर। प्रियदर्शन सामाजिक सेवा संस्था सेक्टर डिगांव माली एवं प्रस्फुटन समितियों में बैठक संपन्न हुई। इसमें सामाजिक सहभागिता बढ़ाने के लिए मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद ने ग्राम विकास प्रस्फुटन समिति का गठन किया गया।**

विमुक्त घुमंतू सर्वे के प्रदेश नोडल अधिकारी अमिताभ श्रीवास्तव ने मनपुरिया बालाजी परिसर रात्रि चौपाल में कहा कि यह समिति समाज व सरकार के बीच सेतु का काम कर रही है और समाज में अंतिम पंक्ति में बैठे हुए व्यक्ति को शासन तक जो?ने में प्रस्फुटन समिति की अग्रिम भूमिका रहती है। उन्होंने कहा कि परिषद स्थानीय स्तर पर सामुदायिक नेतृत्वकर्ता तैयार कर रहा है। समिति को हर गांव के माध्यम से हर गांव



स्वच्छ, पर्यावरण, जल संरक्षण, स्वास्थ्य सेवाएं एवं पारंपरिक नुस्खे को अपनाना चाहिए और वंचित लोगों को शासन की योजनाओं को से जोड़कर समिता कम करें, बैठक में रवि प्रताप बुंदेला ने परंपरा व संस्कृति को जीवित रखने पर जोर दिया। उन्होंने रात्रि चौपाल पर गांवों हमें हर घर में एक गाय माता पालना चाहिए और हमारे दैनिक जीवन में गौ माता के दूध का बढ़ा महत्व है यह बात कही। तृप्ति वैरागी ने कहा कि नवांकुर संस्था सेक्टर में अच्छा कार्य कर रही है रात्रि चौपाल में नवांकुर सखियों भी उपस्थित रही इसके लिए उनका अभिवादन किया।

बैठक के बाद आदर्श ग्राम मैनपुरी का अवलोकन किया गांव भ्रमण के दौरान प्रस्फुटन वाटिका, आदर्श ग्राम का बोर्ड, प्रियदर्शन नर्सरी, जन सूचना केंद्र, वाचनालय, संस्कार केंद्र का अवलोकन भी किया। बैठक में ब्लॉक समन्वयक अर्चना भट्ट ,सरपंच चंपा बाई ओंकार माली, प्रस्फुटन समिति दुर्गा शंकर धनगर, मयूर माली, मंजू भावसार, नगर विकास प्रस्फुटन समिति संतोष सालवी ,रेखा बैरागी , सरपंच प्रतिनिधि ओमकार माली, मेंटर्स संदीप शर्मा, अनिल सुमन, रूपदेव सिंह सिसोदिया, उषा सोलंकी विनय शर्मा, सामुदायिक नेतृत्व क्षमता विकास पाठ्यक्रम से पायल धनगर, प्रमिला बैरागी, हेमलता राठौर, प्रमिला मालवीय मौजूद रहे। संचालन नवांकुर संस्था के प्रतिनिधि दिनेश सोलंकी ने किया।



## नारी शक्ति वंदन अधिनियम को लेकर विपक्ष पर निशाना

**मंदसौर। जिले की प्रभारी मंत्री निर्मला भूरिया ने मंगलवार को जिला मुख्यालय पर आयोजित पत्रकार वार्ता में 'नारी शक्ति वंदन' अधिनियम को लेकर कांग्रेस व विपक्षी दलों पर तीखा हमला बोला। उन्होंने आरोप लगाया कि विपक्ष ने महिलाओं को 33 प्रतिशत आरक्षण देने वाले इस महत्वपूर्ण विधेयक का विरोध कर उनकी अधिकार प्राप्ति की राह रोकी है।**

भूरिया ने कहा कि यह केवल एक विधेयक का विरोध नहीं, बल्कि महिलाओं के सशक्तिकरण के खिलाफ मानसिकता का परिचायक है। उन्होंने कहा कि संसद में इस अधिनियम को गिराना महिलाओं के अधिकारों के चीरहरण जैसा है। उनके अनुसार, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी महिलाओं को सशक्त बनाने के उद्देश्य से यह कानून लेकर आए, लेकिन विपक्ष ने राजनीतिक दृष्टिकोण से इसे रोकने का प्रयास किया। प्रभारी मंत्री ने राहुल गांधी सहित विपक्षी दलों पर महिला विरोधी सोच का आरोप लगाते हुए कहा कि देश की आधी आबादी इस रवैये को कभी माफ नहीं करेगी। उन्होंने बताया कि भाजपा इस मुद्दे को जन-जन तक ले जाएगी तथा प्रदेश में विशेष सत्र बुलाकर इस पर चर्चा की जाएगी। पत्रकार वार्ता में पार्टी पदाधिकारी एवं जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे।



## विश्व पृथ्वी दिवस पर जल संरक्षण कार्यशाला आयोजित

**मंदसौर।** विश्व पृथ्वी दिवस के अवसर पर जल गंगा जल संवर्धन अभियान अंतर्गत कुशाभाऊ ठाकरे ऑडिटोरियम में जिला स्तरीय जल संरक्षण कार्यशाला आयोजित की गई। कार्यक्रम में कलेक्टर श्रीमती अदिति गर्ग ने कहा कि जल संरक्षण के छोटे-छोटे प्रयास लंबे समय में बड़े परिणाम देते हैं, इसलिए इनका जमीनी स्तर पर क्रियान्वयन आवश्यक है। उन्होंने जिले में संचालित लगभग 6000 कार्यों की जानकारी देते हुए मॉडल कार्यों को अपनाने पर जोर दिया।

पद्मश्री महेश शर्मा ने अधिक से अधिक पौधारोपण कर हरित भविष्य का संकल्प लेने का आह्वान किया। भूजल वैज्ञानिक सुनील चतुर्वेदी ने वर्षा जल संचयन की आवश्यकता बताते हुए घटते भूजल स्तर पर चिंता जताई।

कार्यक्रम में विभिन्न प्रतियोगिताओं के विजेता विद्यार्थियों को सम्मानित किया गया तथा विशेषज्ञों ने प्रतिभागियों के प्रश्नों का समाधान किया।

## एक नजर

### जल गंगा जल संवर्धन अभियान के तहत नाहरगढ़ की प्राचीन बावड़ी का जीर्णोद्धार

## ग्राम बर्डिया पीना में निर्माणाधीन अमृत सरोवर कार्य प्रगति पर

**मंदसौर।** मंदसौर जिले में जल संरक्षण एवं संवर्धन को बढ़ावा देने हेतु संचालित जल गंगा जल संवर्धन अभियान के अंतर्गत ऐतिहासिक एवं पारंपरिक जल स्रोतों के पुनर्जीवन की दिशा में महत्वपूर्ण पहल की जा रही है। इसी क्रम में जनपद पंचायत गरोठ अंतर्गत ग्राम पंचायत नाहरगढ़ स्थित प्राचीन बावड़ी के जीर्णोद्धार का कार्य प्रारंभ किया जाएगा।

इस संबंध में जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी अनुकूल जैन द्वारा स्थल का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने बावड़ी के संरक्षण, साफ-सफाई, संरचनात्मक मजबूती एवं जल संचयन क्षमता बढ़ाने हेतु आवश्यक कार्यों के चिन्हांकन के निर्देश दिए। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को समयबद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण कार्य सुनिश्चित करने के लिए कहा।

निरीक्षण के दौरान ग्राम पंचायत नाहरगढ़ में संचालित विभिन्न विकास कार्यों की समीक्षा भी की



गई। अधिकारियों को निर्देशित किया गया कि अभियान के अंतर्गत अधिक से अधिक जल स्रोतों का संरक्षण एवं पुनर्जीवन सुनिश्चित किया जाए, जिससे ग्रामीण क्षेत्रों में जल संकट की समस्या का स्थायी समाधान हो सके।

इसके पश्चात श्री जैन ने जनपद पंचायत गरोठ के ग्राम बर्डिया पीना का दौरा किया, जहां अमृत सरोवर योजना के तहत निर्माणाधीन नवीन तालाब अमृत सरोवर के कार्यों का अवलोकन किया। उन्होंने कार्य स्थल पर उपस्थित श्रमिकों से चर्चा कर कार्य की प्रगति, गुणवत्ता एवं उपलब्ध संसाधनों की जानकारी ली।

अमृत सरोवर न केवल वर्षा जल संचयन में सहायक होगा, बल्कि आसपास के क्षेत्रों में भूजल स्तर को बढ़ाने में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। साथ ही, यह जल स्रोत ग्रामीणों की कृषि एवं दैनिक आवश्यकताओं की पूर्ति में भी सहायक सिद्ध होगा।

सीईओ जिला पंचायत ने कहा कि जल गंगा जल संवर्धन अभियान के माध्यम से जिले में पारंपरिक जल संरचनाओं का संरक्षण एवं नए जल स्रोतों का निर्माण प्राथमिकता के साथ किया जा रहा है।